बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-425
12/12/2024

मुख्यमंत्री ने महावीर बाल कैंसर अस्पताल का किया शिलान्यास

पटना, 12 दिसम्बर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज फुलवारीशरीफ में भूमि पूजन एवं शिलापट्ट अनावरण कर महावीर बाल कैंसर अस्पताल का शिलान्यास किया। इस दौरान सभी धर्मों के धर्मागुरूओं ने भी भूमि पूजन किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को महावीर मंदिर न्यास समिति के सचिव श्री किशोर कुणाल ने पुष्प–गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

ज्ञातव्य है कि महावीर बाल कैंसर अस्पताल देश का पहला बाल कैंसर अस्पताल होगा। महावीर मंदिर न्यास समिति द्वारा इस अस्पताल का निर्माण कराया जा रहा है। लगभग 25 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाला यह छह मंजिला अस्पताल 100 बेड की क्षमता वाला होगा। अस्पताल में कैंसर पीड़ित 18 साल तक के बच्चों का निःशुल्क इलाज किया जायेगा।

इस अवसर पर ग्रामीण कार्य मंत्री श्री अशोक चौधरी, महावीर मंदिर न्यास समिति के सचिव आचार्य किशोर कुणाल, बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष श्री अखिलेश जैन, सभी धर्मों के धर्मगुरू, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, महावीर कैंसर अस्पताल की चिकित्सा निदेशक डॉ0 श्रीमती मनीषा सिंह, निदेशक (प्रशासन) डॉ0 बी0 सान्याल, महावीर कैंसर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 एल0बी0 सिंह, जिलाधिकारी डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******